**परियोजना का नाम–** नगर पंचायत बनबसा एंव नगर पालिका परिषद टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रंचिंग ग्राउण्ड का निर्माण।

## परियोजना का औचित्य।

स्वच्छ भारत अभियान योजना के तहत शासन द्वारा सभी निकायों को अपने–2 क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। उत्तराखण्ड के समस्त नगर निकायों को ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अर्न्तगत कूड़ा प्रसंस्करण /Land fill एंव ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किये जाने हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा शासनादेश सं0–293/IV(2)-श0वि0–2016–35(को0के0)/15 दिनांक 18.02.2016 तथा 1913/श0वि0नि0–2012–933 (ठो0अ0प्र0)/12 दिनांक 13.02.2013 तथा 282/मु.स.–नि.स./2012 दिनांक 13.8.2012 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसकी प्रति प्रस्ताव में संलग्न की जा रही है।

जनपद– चम्पावत के अर्न्तगत बनबसा एंव टनकपुर मैदानी क्षेत्र है। जिसकी जनसंख्या वर्ष 2011 के अनुसार जनसंख्या क्रमशः 7990 एंव 17626 है एंव वर्तमान में अनुमानित कुल जनसंख्या लगभग 35000 है तथा भविष्य में यह और अधिक हो जायेगी। नगर पंचायत बनबसा एंव नगर पालिका परिषद टनकपुर में इतनी बड़ी जनसख्यां द्वारा उत्पादित कूड़े के निस्तारण हेतु कोई स्थान नहीं है, जिससे उत्पादित कूड़े के निस्तारण में अत्यन्त कठिनाई हो रही है। उक्त क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन न होने के कारण स्थानीय लोगों द्वारा उत्पादित कूड़े को जलाये / जमीन में डम्प किये जाने की घटनाऐं दृष्टिगत हुयी हैं। जिससे वायु प्रदुषण, मृदा प्रदुषण एंव जल प्रदुषण होता हैं। जिससे मानव जीवन एंव पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचता है। जिसके समाधान हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन का निर्माण किया जाना अत्यन्त आवश्यक हो गया है।

उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एंव प्रदूषण नियत्रण बोर्ड, देहरादून के पत्रांक यू0ई0पी0पी0सी0बी/एच0ओ0/11158–963 दिनांक 22.12.2009 द्वारा दिये गये निर्देश/सुझाव के क्रम में नगर पचांयत बनबसा एंव नगर पालिका परिषद टनकपुर द्वारा संयुक्त रूप से एक ही ट्रंचिंग ग्राउण्ड का निर्माण किये जाने पर सहमती बनी है जिसमें दोनो ही क्षेत्रों द्वारा उत्पादित कूड़े का निस्तारीकरण किया जायेगा।

प्रस्तावित स्थल पर ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अर्न्तगत कूड़ा निस्तारण हेतु कम्पोस्ट पिटों का निर्माण किया जायेगा। जिसके अर्न्तगत प्रस्तावित स्थान पर चारदीवारी का निर्माण कर क्षेत्र के समस्त कूड़े को एकत्र किया जायेगा तथा एकत्रित कूड़े में से अजैविक एंव जैविक कूड़े को **(Segregate)** अलग–2 कर लिया जायेगा। जैविक कूड़े(सब्जी, फल एंव कागज आदि) को कम्पोस्ट हेतु पिटों में एकत्र कर लिया जायेगा जिसमें हर्बल रासायनिक द्रव्य डालकर वैज्ञानिक पद्धति से खाद के रूप में तैयार किया जायेगा। उक्त खाद का उपयोग किसानो द्वारा बाग–बगीचों, पौधंशाला एंव कृषि में प्रयुक्त किया जायेगा जो कि अत्यन्त लाभकारी होगी। अजैविक कूड़े(प्लास्टिक एंव लोहा आदि) को पुर्नचक्रीकरण हेतु अन्य रिसाईकिलिंग प्लांटो में भेजा जायेगा।

नगर पचांयत बनबसा द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन का निर्माण किये जाने का मुख्य उद्देश्य बनबसा तथा आस–पास के सभी क्षेत्र को कूड़ा मुक्त बनाना, क्षेत्र को साफ–सुथरा रखना एंव मानव स्वास्थ्य/पर्यावरण को स्वस्थ बनाये रखना है।

अतः वर्तमान परिस्थति में मानव जीवन एंव पर्यावरण को स्वस्थ्य/साफ–सुथरा बनाये रखने के साथ–2 किसानों/क्षेत्र के विकास के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन का निर्माण किया जाना अत्यन्त आवश्यक हो गया है।

बनबसा परिक्षेत्र में राजस्व विभाग, सिविल सोयम एंव अन्य कोई नाप भूमि उपलब्ध न हो पाने के कारण तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के खटीमा राजि के अर्न्तगत छीनी कक्ष सं0–13(ब) वन ब्लौक के अर्न्तगत 0.80 है0 वन भूमि का चयन किया गया है, जो कि उक्त कार्य हेतु उपयुक्त पायी गयी है तथा उक्त वन भूमि को 30 वर्षों हेतु लीज पर लिये जाने हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

प्रभागीय वनाधिकारी
तराई पूर्वी वन प्रभाग
हल्द्वानी.

वन क्षेत्राधिकारी
खटीमा
तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी

उप प्रभागीय वनाधिकारी

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
बनबसा (चम्पावत)